आज का सुविचार
अपने सर्वोत्तम गुणों का प्रदर्शन करें तो कोई भी आपकी नजर अंदाज नहीं करेगा।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है..
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 51 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## BNS-14, शासकीय सेवक कानून का पालन करते हुए किसी व्यक्ति की हत्या कर दे तब क्या यह अपराध माना जाएगा जानिए-

साधारण अपवाद, भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अध्याय 03 में धारा 14 से धारा 33 तक बताया गया है व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध कब अपराध की श्रेणी में नहीं आता है,, अर्थात किन-किन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध क्षमा योग्य होता है और क्यू जानिए



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 14 की परिभाषा-?**
अगर किसी व्यक्ति या लोकसेवक जो विधि के नियमों के अनुसार कार्य कर रहा है एवं उसके द्वारा तथ्यों की भूल के कारण कोई अपराध हो जाता है, अर्थात किसी घटना या परिस्थितियों को देखते हुए विधि का पालन करते हुए कोई अपराध का होना, तब ऐसे अपराध को BNS की धारा 14 के अनुसार क्षमा योग्य माना जायेगा।

**नोट-** तथ्यों की भूल से किया गया अपराध इस धारा में क्षमा योग्य होता है। जैसे कि भीड़-भाड़ वाले स्थान पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी के कहने पर सैनिक द्वारा हवा में फायरिंग कर दी जाए एवं गलती से फायरिंग की गोली किसी व्यक्ति को लग जाए तब यह तथ्य की भूल का अपराध होगा। कुलमिलाकर कहे तो इस संहिता में विधि की भूल द्वारा किया गया किसी भी प्रकार का अपराध क्षमा योग्य नहीं है कोई व्यक्ति यह नहीं कह सकता है कि उसे किसी कानून की जानकारी थी, क्योंकि जब कोई विधि (कानून) लागू होता है तो भारत सरकार या राज्य सरकारें उसकी अधिसूचना तुरंत जारी करती है।

## एक भाई अपनी बहन की रक्षा करते हुए जीजा की हत्या कर दे तब उसे माफी मिलेगी या सजा जानिए/महत्वपूर्ण जजमेंट....

भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 38 का खण्ड 05 कहता है कि अगर कोई व्यक्ति आपका अपहरण या किडनैपिंग करता है तो व्यक्ति आपनी सुरक्षा के लिए निजी प्रतिरक्षा के अधिकार का उपयोग कर सकता है अर्थात स्वयं को बचाने के लिए अपहरणकर्ता की हत्या भी कर सकता है।

**इस संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय जिसमें बहन को जबरदस्ती ले जा रहे जीजा की साले ने हत्या कर दी वह दोषमुक्त कर दिया गया जानिए -**

विश्वनाथ बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामला (प्रसिद्ध वाद)- इस मामले में पति अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया परन्तु उसका ससुर पत्नी को भेजने के लिए सहमत नहीं था। उसकी मर्जी के विरुद्ध पति ने अपनी पत्नी को साथ ले जाने के उद्देश्य से घसीटना प्रारम्भ कर दिया, जब पत्नी के भाई ने अपनी बहन को इस प्रकार घसीट जाते देखा तो उसने अपने बहनोई पर चाकू से बार किया जिससे उसके जीजा की मौत हो गई। आरोपी के विरुद्ध हत्या का आरोप लगा। आरोपी ने अपने बचाव में यह तर्क प्रस्तुत किया कि उसे अपने बहनोई द्वारा किए गए पत्नी को उसकी मर्जी के विरुद्ध घसीटने के कार्य के प्रतिरोध में अपनी बहन के शरीर की प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त था क्योंकि जीजा ने अपहरण के लिए हमला किया था। न्यायालय ने आरोपी का बचाव मान्य करते हुए उसे दोषमुक्त कर दिया। इसी संबंध में एक और महत्वपूर्ण निर्णय दरोगा बनाम सम्राट मामले मे न्यायालय ने कहा की किसी व्यक्ति को उसकी मर्जी के खिलाफ उसके घर, निवास या जहा वह है वहा से उठाना या उठाना अपहरण का अपराध होता है वह अपनी प्रतिरक्षा कर सकता है।

**■ लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाजपेई नगर के रहवासियों के साथ सुनी मन की बात

# मोदी ने मन की बात में रातापानी टाइगर रिजर्व का किया उल्लेख

- देश के प्रमुख स्टार्टअप सेंटर के रूप में हुआ ग्वालियर का उल्लेख
- सभी के लिए प्रेरणादायी है मन की बात कार्यक्रम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में मध्यप्रदेश में हाल ही में जुड़े रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरुआत वनस्पति और जीव जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में बन रहे नए स्टार्टअप सेंटर्स के अंतर्गत देश के 7 शहरों में ग्वालियर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने पर कहा कि स्टार्टअप कल्चर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, अपितु इसका विस्तार टायर-2 और टायर-3 शहरों में भी हो रहा है। इन शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा नेतृत्व बेटियां कर रही हैं।

**मुख्यमंत्री श्री यादव ने अर्जुन अवार्डी श्री कपिल परमार को किया प्रोत्साहित:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स भोपाल स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सीहोर के अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी श्री कपिल परमार ने प्राप्त मेडल के साथ भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने श्री कपिल परमार को हाल ही में सम्मानित किया था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रणी शुभकामनाएं दीं और संविधान सभा के सदस्यों के विचारों को उनकी ही वाणी में सुनवाया। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में देशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ के साथ ही पुष्करम् और गंगासागर मेला का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सामाजिक मेल-जोल सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के हुए 10 वर्ष पूर्ण 22 जनवरी से 8 मार्च तक पूरे प्रदेश में होगी विभिन्न गतिविधियाँ

**रायसेन।** बेटे बचाओ-बेटी पढ़ाओष् पहल बेटियों के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुई है। बुधवार 22 जनवरी 2025 को इस पहल के 10 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रातरू 1रू30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की सशक्त वाहिनी पर एक फिल्म का भी प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य, जिला एवं ब्लाक स्तर पर सभी अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। प्रदेश में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं की दसवीं वर्षगांठ पर 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, स्कूलों और कॉलेजों में सेनिटरी पैड मशीन की स्थापना, जेंडर सेन्सिटाइजेशन, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ निराकरण



**रायसेन।** कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज अग्निवंशी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन आर्थिक सहायता, विद्युत, पीएम आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची सहित योजनाओं के लाभ से संबंधित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ चौधरी ने रायसेन में ऑक्सीजन पार्क का किया लोकार्पण
## अनुपयोगी सामग्री को रीसाइकिल कर बनाया गया है ऑक्सीजन पार्क



**रायसेन।** रायसेन में पुलिस लाईन के समीप नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए अनूठे ऑक्सीजन पार्क का सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने ऑक्सीजन पार्क की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा अनुपयोगी सामग्री को रीसाइकिल करके, उपयोगी बनाकर यह पार्क तैयार किया गया है। नागरिक इसका उपयोग करें और इसे उसी प्रकार सहेजें, स्वच्छ रखें जिस प्रकार अपने घर को रखते हैं। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि पार्क में चिन्हित करके ऐसे पौधे लगाए गए हैं जो अपेक्षाकृत अधिक ऑक्सीजन देते हैं, यह भी सराहनीय हैं। ऑक्सीजन हमारी प्राणवायु है और इसका महत्व सभी भलीभांति जानते हैं।

पौधरोपण के लिए सरकार द्वारा अनेक अभियान भी चलाए गए हैं जिनके सार्थक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। नागरिक भी अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करें। उन्होंने रायसेन नगर में किए जा रहे विकास और निर्माण कार्यों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने कहा कि नगर पालिका द्वारा यह जो ऑक्सीजन पार्क तैयार किया गया है यह प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। इस पार्क में प्लास्टिक की पुरानी बॉटल, पुराने टायर, कचरा फेंकने वाली ट्रॉली, पत्थर, लकड़ी और बांस का कलात्मक उपयोग किया गया है।

# संभागायुक्त ने विभिन्न योजनाओं में लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए





**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों और विभिन्न योजनाओं के लंबित प्रकरणों का शीघ्र संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश संभागायुक्त संजीव सिंह ने सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय के समकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में संयुक्त कमिश्नर राजस्व उपायुक्त एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समय-सीमा अंकित पत्रों का निराकरण करने तथा आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जिलेवार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों प्रगति की समीक्षा की। लंबित योजनावार आवेदनों की समीक्षा कर हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने पशु बीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बीमा संबंधी स्वीकृत आवेदनों के निस्तारण एवं बीमा दावों की राशि प्रदान पात्रतानुसार प्रदान करें। उन्होंने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि किसानों को फसल कटाई के पश्चात पराली न जलाने हेतु जागरूक करने एवं उससे होने वाली दुष्परिणामों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया।भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन निक्षय अभियान हेतु भोपाल संभाग अंतर्गत सीहोर एवं विदिशा जिलों द्वारा किए गए स्क्रीनिंग की प्रगति जानी एवं 100 दिवसीय इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

संभागआयुक्त ने राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम की समीक्षा की एवं स्कूलों में आयोजित होने वाले शिविरों की समीक्षा की। संभागायुक्त ने आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चिन्हित सीएम हेल्पलाइन विषयों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 100 दिवस से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करें। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों को सोयाबीन उपार्जन के अंतर्गत त्वरित भुगतान एवं उपार्जित फसल का शीघ्र परिवहन किए जाने के निर्देश दिए गए। किसानों द्वारा पराली जलाने को सख्ती से रोका जाए तथा पराली जलाने पर वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही पराली जलाने के संबंध में ग्रामवार सूची तैयार करने के निर्देश भी संभागायुक्त द्वारा दिए गए।

# राहगीरों से मोबाइल लूटकर भागने वालों पर पुलिस कार्यवाही 19 मोबाइल सहित 2 बदमाशो को किया गिरफ्तार

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**






अयोध्यानगर निवासी फरियादी द्वारा रिपोर्ट की रात्रि करीबन 9 बजे टलहते समय दो लडके एक मोटर साइकिल से अचानक आते हैं और झपटा मारकर जबरदस्ती मोबाइल छिनकर भाग जाते है। रिपोर्ट पर अप.क्र. 45/25 धारा 304(2) बीएनस पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। इसी तरह रात्रि लगभग 11.00 बजे एमपीनगर थाना क्षेत्र में भी एक अन्य फरियादी निवासी गोविंदपुरा के साथ भी एक मोबाइल स्नेचिंग की घटना घटित हुई जिस पर एमपीनगर थाने में अप.क्र. 33/25 धारा 304(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। घटनाओ को देखते हुये पुलिस उपायुक्त जोन-2 द्वारा मोबाइल स्नेचर की धरपकड हेतु तत्काल कार्यवाही करने हेतु टीम गठित की गई जिसने सीसीटीव्ही कैमरो एवं अन्य तकनीकि तथा गैर तकनीकि तथ्यों के आधार पर संदिग्धो को चिन्हीत कर दबिश दी जिनसे उपरोक्त दोनो घटना में छिने गये मोबाइल सहित 2 शातिर मोबाइल स्नेचर्स को दबोचकर शहर के विभिन्न स्थानो से छिने कुल 19 मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल सहित लगभग 7 लाख रुपये का मशरूका बरामद करने मे सफलता प्राप्त की हैं । आरोपी रास्तों पर हाथ में मोबाइल लेकर चलने वालो को टारगेट करते थे । ज़्यादा पैसा कमाने व मंहगे शौक पूरा करने के लिये घटना को अंजाम देते थे । आरोपियों पर चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट इत्यादि के पहले से आपराधिक रिकार्ड दर्ज है।आरोपियों को गिरफ्तार कर और भी घटना के बारे में पुछताछ जारी है।

# अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा विक्टिम सपोर्ट इनिशिएटिव अंडर पॉस्को एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**






मध्यप्रदेश पुलिस के अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जहांगीराबाद, भोपाल में विक्टिम सपोर्ट इनिशिएटिव अंडर पॉस्को एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी द्वारा किया गया। पॉक्सो एक्ट, जो 19 जून 2012 को लागू हुआ, बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और अश्लीलता जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह एक्ट नाबालिगों के बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है और यौन अपराधों के मामलों में तेज और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करता है। कार्यशाला में एडीजी सीआईडी द्वारा स्लमडॉग मिलियनेयर÷ फिल्म का जिक्र करते हुऐ बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों और संघर्षों से प्रेरणा लेकर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। यह जीवन में चुनौतियों का साहस से सामना करने का संदेश देती है। उन्?होंने न्याय प्रणाली में सुधार पर चर्चा करते हुए नए कानूनों के तहत चार्जशीट 60 दिनों में दाखिल करने और लंबित मामलों को तीन वर्षों में निपटाने संबंधी जानकारी दी। साथ ही कहा कि तकनीकी सुधारों से जांच अधिकारी डिजिटल माध्यम से पेश हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधन बचेंगे। यह सुधार न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक कदम है। पॉक्सो एक्ट के तहत पीड़ित बच्चों को कानूनी, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी पूरी संवेदनशीलता और समन्वय से कार्य करें तथा हर माह एक सफलता की कहानी उपलब्ध कराएं ताकि व्यापक जनजागृति लाई जा सके। पीएसओ टू डीजीपी विनीत कपूर ने कहा कि कानूनी प्रक्रियाओं के दौरान अक्सर बच्चों को एक कठिन उपसंस्कृति से गुजरना पड़ता है, जिससे उनका पुनः पीड़न होता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम विवेचना को प्रभावी और संवेदनशील बनाएं ताकि बच्चों को सहयोग और संरक्षण मिले।÷ उन्होंने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अन्य संस्थानों द्वारा संचालित पायलट प्रोजेक्ट की सराहना की, जो भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी जिलों में सपोर्ट पर्सन्स के लिए एकीकृत रणनीति के तहत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, सपोर्ट पर्सन्स की सहायता से बाल पीड़ितों को बेहतर सहयोग मिलेगा, जिससे उनकी पुनर्वास प्रक्रिया में सुधार होगा। कार्यशाला में उपस्थित सभी सहभागियों से अपील की गई कि वे बच्चों के सर्वोत्तम हित में एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मल्टी-एजेंसी पार्टनरशिप के जरिए बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा। कार्यशाला के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अन्य संगठनों के सहयोग से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी में ÷सपोर्ट पर्सन्स÷ की नियुक्ति के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट की घोषणा की गई। इन सपोर्ट पर्सन्स को विशेष प्रशिक्षण देकर पीड़ित बच्चों को कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया जाएगा। इस कार्यशाला में मेडिकल परीक्षण और रिपोर्टिंग में आने वाली चुनौतियों को हल करने, बच्चों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें न्याय दिलाने और विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हितों की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया की थीम पर केन्द्रित होगी दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में मध्यप्रदेश की झाँकी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**
नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश की झाँकी ÷चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी। झाँकी में मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक दिखेगी। भारत से 70 वर्ष पूर्व चीते विलुप्त हो चुके थे प्रदेश में चीता परियोजना की सफलता के साथ अब मध्यप्रदेश ÷टाइगर स्टेट'' और ÷चीता स्टेट'' भी बन गया है। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नदी के किनारे स्थित राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य देश में चीतों का एक नया घर है। अभयारण्य में चीतों के लिये उचित आहार और प्राकृतिक आवास मौजूद हैं। पुनर्स्थापना की सफल परियोजना के परिणाम स्वरूप कूनो में वयस्क और शावक सहित कुल 24 चीते अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं। प्रस्तुत झाँकी में भारत में चीतों के सफल पुनर्स्थापन को दर्शाया गया है। अग्रभाग में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वयस्क चीतों का जोड़ा और कूनो में जन्मे नन्हें चीता शावकों को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग में बहती हुई कूनो नदी और इसके आसपास राष्ट्रीय उद्यान के वनावरण एवं प्राकृतिक आवास में विचरण करते हुए वन्य-जीव, जिनमें हिरण, बंदर, पक्षी और चीते उनकी बढ़ती हुई संख्या के साथ जैव-विविधता के लिये एक आदर्श के रूप में कूनो अभयारण्य को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग के पिछले हिस्से में पेड़ के नीचे बैठे ÷चीता मित्र'' स्थानीय निवासियों को चीता संरक्षण के बारे में प्रशिक्षित कर रहे हैं। झाँकी के अंतिम भाग में वनकर्मी वाच-टॉवर से चीतों की निगरानी करते दिखाई दे रहे हैं, जो सफल चीता परियोजना में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। झाँकी के दोनों ओर एलईडी पेनल्स के माध्यम से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों पर केन्द्रित फिल्म को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। झाँकी के दोनों ओर नृत्य दल श्योपुर जिले का सहरिया जनजाति नृत्य ÷लहंगी'' करते हुए नजर आयेंगे।









# कितने लोग नहाए ? महाकुंभ में गिनती कैसे हो रही है ?

**ज्ञान चन्द शर्मा बालाघाट**

ये कहा जा रहा है कि महाकुंभ में 45 करोड़ लोग स्नान करेंगे । मकर संक्रांति के दिन ही 3.5 करोड़ लोगों ने स्नान किया था । ये सारे आंकड़े देखकर जिहादियों और कम्युनिस्टों के सीने में काफी जलन हो रही है । हाल ही में अपने एक कार्यक्रम में रवीश कुमार ने एक सवाल खड़ा किया है कि यूपी सरकार ने ये कह दिया कि 45 करोड़ लोग स्नान करेंगे तो किसी ने इस आंकड़े पर प्रश्न क्यों नहीं खड़ा किया । आखिर कैसे ये मान लिया जाए कि इतने लोग आ रहे हैं । क्या गिनती का कोई तरीका है । महाकुंभ के वैभव से चिढ़ रहे जिहादी और कम्यूनिस्ट लिबरल भी काफी जल रहे हैं और अपने आस पास मौजूद हिंदुओं से सवाल पूछ रहे हैं कि बताओ गिनती कैसे हो रही है । तो ऐसे सभी लोगों को और जलाने के लिए ये लेख जरूर भेजें । दरअसल कोई भी आराम से घर बैठे गिनती कर सकता है । मैं बताता हूं कैसे । देखिए 3 हजार स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं और सब फुल हो चुकी हैं टिकट तो मिलना बड़ा ही मुश्किल हो रहा है । अब एक ट्रेन में 20 डिब्बे होते हैं और हर डिब्बे में औसतन 100 यात्री होते हैं अगर एक ट्रेन एक बार में 2000 लोगों को लेकर आ रही है तो इस हिसाब से 3000 ट्रेनों से हर दिन 60 लाख लोग कुंभ पहुंच रहे हैं । महाकुंभ की पार्किंग में 5 लाख गाड़ियों को रोके जाने की व्यवस्था है । अगर अगर मान लीजिए न्यूनतम एक गाड़ी में 4 लोग भी बैठें तो भी 20 लाख लोग हर रोज गाड़ियों से आ रहे हैं और ये सबको पता है कि पार्किंग भी फुल है 7000 स्पेशल बसें चल रही हैं अगर हर बस में कम से कम 60 लोग मानें तो भी 4 लाख से ज्यादा लोग हर दिन बस से आ रहे हैं और सबसे बड़ी बात कि ये स्पेशल बस और ट्रेनों की बात हो रही है सामान्य ट्रेनों और बसों से भी इतने ही लोग आ रहे हैं । यानी अगर स्पेशल ट्रेन बसें और गाड़ियां की पार्किंग को ही देख लें तो 60 लाख प्लस 20 लाख प्लस 4 लाख... यानी करीब 85 लाख तो यही हो गए । करीब एक करोड़ का हिसाब तो आप घर बैठे ही लगा सकते हैं । बाकी योगी आदित्यनाथ की सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके कुंभ में आने वाले लोगों की गिनती की व्यवस्था कर ली है । बहुत सारे मित्रों ने व्हाटसएप पर लेख पाने के लिए दिलीप पाण्डेय के इस नंबर 8368076493 पर मिस्ड कॉल तो की है लेकिन नंबर सेव नहीं किया है इसीलिए उनको मेरे लेख नहीं मिल रहे हैं । दिलीप पाण्डेय नाम से नंबर सेव भी करें ड्रोन से कैमरे की फोटो अत्याधुनिक तरीके से बता सकती है कि कितने लोग इतने किलोमीटर में मौजूद है । और दूसरी तरफ रात में थर्मल काउंटिंग होती है यानी ह्यूमन हीट को मापने वाली मशीन लगाकर भी थर्मल तरीके से काउंटिंग हो रही है । महाकुंभ में स्नान का क्षेत्र पूरे 20 किलोमीटर में फैला हुआ है करीब डेढ़ लाख तो टायलेट ही बनवाए गए हैं । इस बार पानी भी बहुत साफ है । बहुत अच्छी व्यवस्था है पूरी दुनिया इतना बड़ा मेला देखकर दांतों तले अंगुली दबा रही है लेकिन हमारे देश में रवीश कुमार जैसे लोग हिंदू धर्म और कुंभ के खिलाफ नकारात्मक बातें फैलाने में लगे हुए हैं ऐसे लोगों को जवाब दीजिए और ये लेख वायरल करवाइए ।

# इस वर्ष भी साकार नही हो पाया गरीबो का खुद के घर का सपना

**ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट।** पीएम शहरी आवास कॉलोनी के हितग्राहियो का अपना घर सपना इस साल भी पूरा नही हो पाया कॉलोनी मे बन रहे आवासो के निर्माण की रफ्तार तो बढी लेकिन यहा जरूरी बुनियादी सुविधाओ के विस्तार के लिए किए जा रहे कार्यो की धीमी गति से चल रहे कार्यो की वजह से अब तक भवन नपा को हैंडओवर नही हो पाए है जिसके चलते हितग्राहियो का अपना घर का सपना साल 2024 मे भी पूरा नही हो पाया है जबकि आवास के इंतजार मे उनको पूरा साल फिर बीत गया है उल्लेखनीय है कि यहा पहले चरण मे 72 हितग्राहियो को आवास आवंटित कर वितरित किए जाने थे लेकिन नगर पालिका प्रशासन की यह तैयारी धरी की धरी रह गई आखिरकार साल बीत गया न कार्य पूर्ण हो सका और न ही आवासो का हितग्राहियो को आवंटन किया गया जबकि कई हितग्राही करीब एक साल से बैक का लोन भी चुका रहे है प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हितग्राहियो का कहना है कि निमार्ण एजेंसी और नपा प्रशासन की लापरवाही से उन्हे दोहरा भार झेलना पड रहा है किराया भी और लोन भी कर रहे जमा जिन हितग्राहियो के पीएम आवास योजना के तहत आवास के लिए लोन स्वीकृत हो चुके है उन्हे दोहरी मार झेलनी पड रही है एक तरफ जहा मकान का किराया देना पड रहा है तो दूसरी उन्हे बैक लोन भी जमा करना पड रहा है आवास नही मिलने से हितग्राहियो को दिकतो का सामना करना पड रहा है।

# सबल योजना की राशि का वितरण

**ज्ञान चन्द शर्मा बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बुधवार को सिंगल क्लक कर डीबीटी के माध्यम से जिले के संबल योजना हितग्राहियो के खातो मे अनुग्रह सहायता राशि वितरण की गई बुधवार दोपहर 12,30 बजे मुख्य मंत्री कार्यकर्ता भोपाल मे एंटी चैम्बर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम कलेक्टेट बालाघाट के एनआईसी कक्ष मे आयोजित किया गया मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव ने बालाघाट जिले से अनुग्रह सहायता के सामान्य मृत्य के 319 प्रकरणो मे 6 करोड 38 लाख रुपए एव दुर्घटना मुत्यु के 22 प्रकरणो मे 88 लाख रुपए का वितरण सिंगल क्लक के माध्यम से किया इस प्रकार से कुल 341 प्रकरणो मे 7 करोड 26 लाख रुपए का वितरण किया गया एनआईसी कक्ष मे लाइव प्रसारण के दौरान कलेक्टर मृणाल मीना नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत सिह ठाकुर एव योजना शाखा सभापति श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह एव हितग्राहियो की उपस्थिति रही।

# अवैध रेत से भरे तीन ट्रैक्टरों को पुलिस ने किया जप्त, लगातार जारी है रेत का काला कारोबार



**रिपोर्ट - राजू राय**

शहडोल। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद देवलौंद पुलिस एक्शन मोड में काम कर रही है तीसरे दिन भी रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर चालक व मालिक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। यह वही क्षेत्र है जहां बीते साल पटवारी की रेत माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी थीं, उस दौरान पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर पूर्णतः रोक लगा दी थी,लेकिन फिर से यह अवैध काला कारोबार शुरू हो गया है। तीन दिनों में तीन ट्रैक्टरों को अवैध रेत परिवहन करते पुलिस ने जप्त कर कार्यवाही कर यह साबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार देवलोंद पुलिस द्वारा रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया की ग्राम खोखरा टोला बुढ़वा के पास रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन की सूचना पर पुलिस द्वारा दबिश दी गई। चालक आशू द्विवेदी 19 वर्ष पिता भगवानदास द्विवेदी निवाली धरी नंबर 2 परौहन टोला एवं वाहन स्वामी गोलू सोनी निवासी बुढ़वा से रेत परिवहन के संबंध में कोइ भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।जिस पर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर आरोपी चालक-वाहन मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया की तीसरे दिन यह रेत से भरे तीसरे ट्रैक्टर को जप्त किया गया है तीनों ही मामलों पर चालक मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। देवलौंद वहीं क्षेत्र है जहां पिछले वर्ष पटवारी की ट्रैक्टर से कुचलकर रेत माफियाओं ने हत्या कर दी थी, पटवारी प्रसन्न सिंह अवैध खनन रोकने अपनी टीम के साथ पहुंचे थे, तभी अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर को आता देख पटवारी ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर ने उन्हें कुचलते हुए आगे की ओर बढ़ गया। जिसके बाद पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर इस क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन दोबारा से यहां रेत का काला कारोबार शुरू हो गया है। तीन दिनों में अवैध रेत से भरे तीन ट्रैक्टरो पुलिस ने जप्त कर यह साबित कर दिया है।

# पुलिस की लापरवाही सामने आई

## जिसे लावारिस समझ पुलिस ने दफनाया, वह पड़ोस के थाने से हुआ था लापता

रिपोर्ट = राजू राय



शहडोल जिले में गुमशुदा युवक भोला बर्मन का शव लावारिस समझकर दफना दिया गया। धनपुरी थाने में युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से दर्ज थी, लेकिन बुढार और धनपुरी थानों की आपसी तालमेल की कमी के कारण यह पहचान नहीं हो सकी। घटना ने पुलिस की लापरवाही उजागर कर दी। शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में 13 जनवरी को सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। पहचान न हो पाने पर अगले दिन 14 जनवरी को पुलिस ने उसे लावारिस समझकर दफन कर दिया। बाद में पता चला कि वह युवक धनपुरी थाना क्षेत्र के बिलियस नंबर 1 निवासी भोला बर्मन था, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत उसकी मां ने तीन दिन पहले, 11 जनवरी को, धनपुरी थाने में दर्ज कराई थी। लेकिन दोनों थानों की आपसी तालमेल की कमी के चलते शव को लावारिस घोषित कर दिया गया।

# ब्यौहारी में सड़क हादसे में पिता और पुत्री की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर पीड़ितों ने लगाया जाम

रिपोर्ट - राजू राय



जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खरपा चौराहे के पास एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्री की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना गोदावल मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे एक दंपति के साथ घटी, जब पीछे से आ रही गहरवार कंपनी की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में मृतकों के परिवार वालों ने सीधी जिला जाने वाले इस मार्ग पर जाम लगा दिया। वे मुआवजे की मांग कर रहे हैं। हादसे के परिणामस्वरूप शेषमणि वैश्य और उनकी दो वर्षीय पुत्री आरती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि शेषमणि की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गुस्से में आकर सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोग बस चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और तब तक जाम हटाने को तैयार नहीं हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है, जबकि बस चालक और परिचालक घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक अपनी साइड में चल रही थी, और तेज रफ्तार से आ रही गहरवार कंपनी की बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बस चालक की तलाश जारी है।

### ऑपरेशन प्रहार में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई

# अवैध नशीली कोडीनयुक्त कफ सीरप की बड़ी खेप जप्त -151 नग कफ सीरप शीशी कीमती 75, 500 रूपये,बोलेरो गाड़ी एवं 61000 रुपए नगद के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा अनूपपुर जिले में नशे में प्रयुक्त होने वाले कोडीनयुक्त कफ सीरप की तस्करी एवं अवैध व्यापार में लगे अपराधियों की पतासाजी कराई गई एवं एस.पी. महोदय द्वारा एकत्र की गई सूचनाओं के आधार पर बुधवार की रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में अवैध नशीली कोडीनयुक्त कफ सीरप की बड़ी खेप जप्त की गई, जिसमें 151 नग कफ सीरप शीशी कीमती 75, 500 रूपये, बोलेरो गाड़ी एवं 61,000 रुपए नगद के साथ 04 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा बुधवार की देर रात करीब 01ः30 बजे सामतपुर हर्री रोड पर पंप हाउस के पास संतोष राठौर पिता



पंची राठौर उम्र करीब 44 साल निवासी वार्ड नंबर 01 सामतपुर अनूपपुर अपनी पत्नी उमावती राठौर ( उम्र 44 साल) के साथ एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 33 नग शीशी जिसमें प्रत्येक शीशी 100 स्रूअवैध मादक पदार्थ कोडीनयुक्त विसेरेक्स कप सीरप का लेबल लगा हुआ कीमती 16500 रुपए जप्त की गई उक्त आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 31/24 धारा 8 बी, 21,22 नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइक्रोटोपिक सब्सटानसिस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार किया गया। नशे में प्रयुक्त होने वाली उक्त कोडिन युक्त कफ सिरप को बेचने वाले आरोपियों से पूछताछ के आधार पर रात में ही पुलिस द्वारा नशे के तस्करों की घेराबंदी एवं तलाश की गई जो देर रात करीब 02ः00 बजे मानपुर तिराहा पर सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी स्क्क 18 ञ्ज 3743 को रोक कर चेक करने पर उमाशंकर पांडे पिता स्वर्गीय रामाधार पांडे उम्र करीब 55




साल निवासी ग्राम बिजोड़ी अनूपपुर एवं राहुल पांडे पिता उमाशंकर पांडे उम्र करीब 33 साल निवासी ग्राम बिजोड़ी अनूपपुर के कब्जे से ङ्खद्बठ्ठद्ग क्चद्बश्वह्लद्गष्द्ध स्रूक्क कंपनी की ह्लठ्ठद्दह्लद्ग× कफ सिरप की 118 नग शीशी प्रत्येक में 100 द्वद्य कुल कीमती 59, 000 रुपए, नगदी 61000 रुपए एवं ?400000 कीमती बोलेरो वाहन जप्त किया जाकर उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 30/25 धारा 8 बी, 21,22 नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइक्रोटोपिक सब्सटानसिस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार किया गया है

### गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड

कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार मुख्य सरगना उमाशंकर पांडे पिता रामाधार पांडे उम्र करीब 45 साल निवासी बिजोड़ी अनूपपुर के विरुद्ध नशे में प्रयुक्त होने वाले अवैध कोडिंग युक्त कफ सिरप की तस्करी एवं अवैध व्यापार का अपराध क्रमांक 465/2024 धारा धारा 8 बी, 21,22 नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइक्रोटोपिक सब्सटानसिस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट दर्ज है जो करीब डेढ़ महीने अनूपपुर जेल में निरुद्ध रहने के बाद कुछ दिन पूर्व जेल से जमानत पर रिहा हुआ है गिरफ्तार आरोपी संतोष राठौर पिता पंची राठौर के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा एवं मारपीट का अपराध क्रमांक 6/2006 धारा 353,332,184, 34 भारतीय दंड विधान पंजीबद्ध है।

### पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा की गई आरोपियों से पूछताछ

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार उक्त आरोपियों से गहन पूछताछ की गई एवं स्मलिंग कर अनूपपुर जिले में अवैध कफ सीरप की खेप लाने वाले अपराधियों, अवैध कफ सीरप को जिले में बेचने वाले एवं जिले में कफ सीरप का नशा करने वालो के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। कफ सिरप का नशा करने वालों को चिन्हित कर कफ सिरप नशा मुक्ति के लिए कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा नशे कारोबार में लगातार लिप्त अपराधी उमाशंकर पांडे निवासी ग्राम बिजोड़ी अनूपपुर के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई किए जाने एवं नशा सामग्री के परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन राजसात कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जाकर जिले में अन्य सक्रिय नशे तस्करों एवं नशे का व्यापार करने वालों के संबंध में पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है।

### नशा तस्करो को पकड़ने में उल्लेखनीय भूमिका

नशे के कारोबार के विरूद्ध अनूपपुर जिले में उक्त बड़ी कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के सक्रिय एवं सतत् निर्देशन में टी. आई. कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक अजय तेकाम, सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा , आरक्षक चालक गुरु प्रसाद चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिहं राठौर, शेख रशीद, राजेश कंवर, शिवशंकर प्रजापति , रीतेश सिंह आरक्षक प्रकाश तिवारी,अमित यादव, कपिल सोलंकी , अब्दुल कलीम, पल्लव खड़ारी एवं महिला आरक्षक आकांक्षा मिश्रा, सायबर सेल अनूपपुर से प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार की उल्लेखनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा उक्त टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

# डूमरकछार/पौराधार - वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज





**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार कालोनी मे अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 22 जनवरी को मुख्य पंडाल खेल ग्राउंड परिसर पौराधार मे संपन्न हुआ,कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (हसदेव क्षेत्र) उमेश शर्मा ने किया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे अतिथियों एवं वरिष्ठजनो के द्वारा भारत माता के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलन कर,राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम को आगे की गति प्रदान की गयी कार्यक्रम मे एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य,डॉ.सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार व जिला योजना समिति सदस्य के विशिष्ट आतिथ्य, उपक्षेत्रीय प्रबंधक राजनगर उपक्षेत्र महेंद्र पाल सिंह के अध्यक्षता,सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान,रंजीत कुमार वर्मा,पार्षदगण निर्भय नारायण राव,विजेंद्र देवांगन व अन्य जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य तथा मंचासीन अतिथि सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर,एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के अधिकारी संजय सिंहा, मनोज बिश्नोई, रजनीश पांडे,ए.के.गौतम, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ,साथ ही कार्यक्रम में अशोक दुबे,राजेश सिंह,अनिल राव,अजीत



सिंह के उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर आयोजकर्ता संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य (हसदेव क्षेत्र) के सत्यदेव सिंह,अनुप सिंह,भरत भूषण सिंह,भगेला सिंह,जमील खान, शिवपूजन सिंह चौहान, फ्रेंड्स यूनियन क्लब एवं कोल इंडिया के वॉलीबॉल के खिलाड़ी एवं कोयलांचल के निवासी विनोद सिंह रामनारायण यादव,ठाकुर राम,राजकुमार सिंह,आलोक मित्रा,संजय राव,अवधेश सिंह,जगदीश पटेल,अंकित गौतम,आदित्य गुप्ता तथा सहयोग मे लगे परिषद के कर्मचारीगण,नगर की महिलाएं बेटी, समाज सेवियो समेत अन्य कई नागरिगण एवं खेल प्रेमियों सहित मीडिया कर्मी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ फ्रेंड्स यूनियन क्लब एवं स्वामी विवेकानंद विद्यालय राजनगर कालरी के बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। उद्घाटन मैच मे अयोध्या (उ.प्र.) और पंजाब टीम के बीच मुकाबला हुआ । जिसमे 3-2 से पंजाब की टीम ने बाजी मारी । अखिल भारतीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के कौशल को निखारना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। यह आयोजन नगर परिषद डूमरकछार क्षेत्र में सभी के सहयोग से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है प्रतियोगिता का निर्णायक और फाइनल मैच 25 जनवरी को शाम 4ः00 बजे खेला जाएगा,आयोजनकर्ताओं ने निर्णायक मैच में अधिक से अधिक नागरिकों,खेल प्रेमियों को शामिल होने का आग्रह किया है।

# अहिरवार समाज संघ महिला प्रकोष्ठ जिला स्तरीय सम्मेलन हरदौट में सफलतापूर्वक संपन्न




**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

रायसेन। अहिरवार समाज संघ की महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हरदौट में किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं को शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नयनतारा जी रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोषी सूर्यवंशी जी ने की। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें संस्थापक श्री चौधरी अमानसिंह नरवरिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश अहिरवार, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष श्री बी.एस. मांढरे, प्रदेश संगठक श्री गोपी लाल प्रबंधक, और प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रविशंकर सूर्यवंशी जी शामिल थे।

मंच संचालन जिला अध्यक्ष श्री हेमंत चौधरी जी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में भोपाल संभाग जिला उपाध्यक्ष श्री बालमुकुंद अहिरवार, जिला सचिव श्री अशोक सूर्यवंशी, और जिला आईटी सेल रायसेन के अध्यक्ष श्री चैन सिंह सिसौदिया प्रमुख थे। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अंधविश्वास और कुरीतियों के उन्मूलन पर जोर दिया। महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में श्री मदन चौधरी जी को रायसेन जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्होंने जिले में संगठन की जिम्मेदारियों



को निभाने और समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य सदस्य, जैसे श्री सुरेश अहिरवार, श्री गणेश अहिरवार, श्री राजेश चौधरी, और अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अहिरवार समाज के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा जय भीम, नमो बुद्धाय के नारों के साथ किया गया।

# रफ्तार का कहर- यात्री बस ने पिता-पुत्री को कुचला, दोनों ने मौके पर तोड़ा दम, मां जिंदगी और मौत से लड़ रही जंग

**रोहित तिवारी, शहडोल**

मध्य प्रदेश के शहडोल में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां हाई स्पीड यात्री बस बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार बाप-बेटी की मौत हो गई. जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज में एडमिट करवाया गया है. जहां वो जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है. वहीं इस घटना से नाराज लोगों ने सीधी मार्ग पर प्रदर्शन किया. यह घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खरपा चौराहे की है. बताया जा रहा है कि ग्राम खरपा के रहने वाले पिता शेषमणि वैश्य और उनकी दो वर्षीय पुत्री आरती और पत्नी गोदावल का मेला देखकर बाइक से घर जा रहे थे. इस दौरान खरपा चौराहे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दंपति और बच्ची को रौंदते हुए निकल गई. हादसे मे पिता शेषमणि वैश्य और उनकी दो साल के बेटी की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल ब्यौहारी में भर्ती कराया. जहां गंभीर हालत में उसका इलाज जारी है इस मामले में एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान ने बताया कि सड़क हादसे में पिता पुत्री की मौत की खबर आई. घायल को ब्यौहारी पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया है. पुलिस कार्रवाई करते हुए मामले की जांच कर रही है।


**आदरणीय,**
**नमो बुद्धाय जय भीम**

आगामी 26 जनवरी 2025 को 9वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य भगवान बुद्ध के उपदेशों का प्रचार-प्रसार और मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

यह आयोजन तभी सफल होगा, जब आप जैसे धम्मसेवियों का सहयोग मिलेगा।

आपका छोटा-सा योगदान भगवान बुद्ध के धम्म को जन-जन तक पहुँचाने में सहायक होगा।

**ऑनलाइन धम्मदान करें**

Razorpay लिंक पर क्लिक करें
https://razorpay.me/@thebuddhabhoomid-hammadootsang
**फोनपे / गूगलपे / पेटीएम-** 9826929578(राहुल बौद्ध)
**बैंक विवरण-** खाता नंबर- 920010067246144
IFSC कोड- TIB0001933
आपका सहयोग हमारी यात्रा को सफल बनाएगा। कृपया इस पवित्र कार्य में सहभागी बनें।
धन्यवाद सहित,
भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो
अध्यक्ष, बुद्धभूमि धम्मदूत संघ







# भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी की संयुक्त बैठक संपन्न।

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

रायसेन। जिला मुख्यालय पर आज दिनांक 19 जनवरी को आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व भीम आर्मी के पूर्व संभाग संयोजक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र मूलनिवासी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी भोपाल संभाग संयोजक रोहित जाटव और आजाद समाज पार्टी भोपाल संभाग प्रभारी अरविंद मालवीय उपस्थित रहे।

### बैठक में मुख्य बिंदु-

1. **जिलाध्यक्ष पद का चयन**- रायसेन जिले में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष के चयन पर चर्चा की गई।
2. **संगठन का विस्तार**- संगठन को मजबूत और व्यापक बनाने के लिए रणनीतियां तैयार की गई।
3. **कार्यकर्ताओं की भागीदारी**- आगामी समय में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर कई प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जितेंद्र मूलनिवासी, राकेश अंबेडकर, गजराज सूर्यवंशी, डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार, अभिषेक बौद्ध और धर्मेंद्र अहिरवार मुख्य रूप से शामिल थे। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और समाज के हित में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# मैं एक ऑटो चालक हूं,



महंगाई से पड़ा है पाला।
परिवार को रोटी कैसे मिले,
इसी फिक्र ने मार डाला।

1

दैनिक वस्तुएं खरीदने में
मेरा पसीना छूट रहा है ।
देश का चौकीदार ही जैसे
हमारे घर को लूट रहा है ।
चारो तरफ हाहाकार मचा है,
नहीं है कोई बचाने वाला।।
परिवार को रोटी कैसे मिले,
इसी फिक्र ने मार डाला।।

2

बच्चे मेरे होनहार बहुत हैं,
महंगाई में कैसे पढाउं मैं।
कापी-किताब, स्कूली फीस,
और ड्रेस कहां से लाउं मैं।
व्यापारियों की होती है दिवाली,
पर मेरा निकला है दिवाला।।
परिवार को रोटी कैसे मिले,
इसी फिक्र ने मार डाला।।

3

बेजा कब्जा बताकर शासन,
हमारी झुग्गी तोड़ दिया है।
अवैध कब्जा करने वाले,
रसूखदारों को छोड़ दिया है।
गरीबी नहीं,गरीबों को हटाने,
सरकार ने किया मन काला।।
परिवार को रोटी कैसे मिले,
इसी फिक्र ने मार डाला ।।

4

आजादी का सपना अब भी,
हमारे लिए अधूरा ही है।
पूंजीवादी षड्यंत्र के कारण,
दिल चूरा का चूरा ही है।
फाईल में है विकास की नदिया,
सच में है बहता नाला।।
परिवार को रोटी कैसे मिले,
इसी फ़िक्र ने मार डाला।।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

# कुंभ का आकर्षण मोनालिसा



अजीब सी है तेरी अदा
देख कर हर कोई है फिदा
वाह री मोनालिसा
तू बनी कुंभ का हिस्सा
गूंज रही चहुं ओर
तेरे नाम का किस्सा
तू बेचती घूम-घूम कर
मोतियों की माला
नयना तेरी सुंदर अभिराम है
मुस्कुराती हरदम बाला
आस्था तेरी अद्भुत निराली
पहुंच जाती वहां,जहां लगता मेला
हर कोई चाहता तेरे साथ खींचवाना
एक सेल्फी यादगार के लिए
कोई फेसबुक,कोई इंस्टाग्राम पर
तेरी फोटो और वीडियो
कर रहा तेजी से वायरल
मीडिया खूब कर रही प्रचारित
साहित्य भी नहीं है पीछे
तुझे जमीं से आसमां तक पंहुचाने में
कुंभ का आकर्षण बनी मोनालिसा
इंदौर की सुंदरी को
दुनियाँ के सामने लाने में।

**भीम कुमार**
**नगवां,गावां,गिरिडीह,झारखंड**



# भारतीय सेना पर देश और दुनिया को है गर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आमजन और सेना के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगी आर्मी मैराथन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देश को आजादी मिलने के समय, विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है, इस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए ÷फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी÷ के आदर्श वाक्य के साथ द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किऐ। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## बेटा-बेटी समान अधिकार और सम्मान के हकदार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1949 में जनरल के.एम. करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की याद में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में सुदर्शन चक्र कोर द्वारा आर्मी मैराथन आयोजन की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा-बेटी बराबर है और उनके अधिकार भी समान है। अतः आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हॉफ मैराथन ओपन केटेगरी के अंतर्गत पुरुष वर्ग के विजेता श्री रोहित वर्मा को 1 लाख रुपये, रनर अप श्री हरीश को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहे श्री हुकुम को 25 हजार रुपये का चैक और मध्यप्रदेश पर्यटन का कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री भारती नैन, द्वितीय स्थान पर रहीं सुश्री किरण साहू और तृतीय स्थान पर रहीं सुश्री प्रीति खण्डेलवाल को पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आर्मी मैराथन में भोपालवासियों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही।

# पहले फरसा तुम्हीं चलाओ



धरती लाल, पर्वत लाल।
नदी,झील और ताल लाल।
जंगल की हरियाली लाल।
बारुदी विस्फोटक लाल।
लाल पसीना लाल रक्त है।
बंदूकों की गर्जन  लाल।
बहती हवाएं लाल-लाल।
पूछे जग से यही सवाल।
भय-सन्नाटा सब कुछ लाल।
कब तक रहेगा बस्तर लाल।
आदिवासी जन जीवन में,
एक टीस है, बेचैनी है।
भीतर जड़ में उथल-पुथल है,
बाहर विचलित वट विशाल है।
सबकी आंखें लाल-लाल है।
बहती आंसू की धार लाल है।
बेशक रातें लंबी,काली,
लेकिन निंदिया,सपने भी लाल है।
भव्य सजा है मंच जहां पर,
कुछ काले व्यापारी भी हैं।
कुछ मोहरे नेपथ्य रखें हैं,
आयोजक सरकारी भी हैं।
दोनों मिलकर दांव चल रहे,
दिल कालों की यारी भी है।
एक सभ्यता,एक संस्कृति,
बलि-वेदी पर बंधा यूप से।
खंजर पैना किया जा रहा।
आदेश अधिक को दिया जा रहा।
यही वक्त है उठना होगा।
कैद से तुमको छुटना होगा।
महावीरों, जांबाजों सम्हलो,
उलगुलान के ÷लाल÷ लाल हो।
दिकुओं खातिर महाकाल हो।
गोंडवाना के उतंग भाल हो।
डरो नहीं तुम वज्र ढाल हो।
नहीं जीत की खातिर लड़ना,
लड़ना है अस्तित्व बचाने।
आर-पार की जंग है करना,
लगाना है दुश्मन को ठिकाने।
सांसें भर लो लाल-लाल।
लाओ धरती पर भूचाल।
लूट सभी कुछ ले जाने की,
उनके मन में चाहत है।
दशकों चुभते इन कांटों से,
हृदय तुम्हारा आहत हैं।
शब्दभेदी तुम बाण चलाओ।
बलि तुम्हारा ले लें इसके,
पहले फरसा तुम्हीं चलाओ।।

**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ0ग0)**
**मोबाइल -930132215**

# भारतीय गणतंत्र का अमृत महोत्सव–एक समीक्षा

## क्या हम विश्वगुरू बनने की दिशा में अग्रसर हो रहे ?



भावना मंगलमुखी
एक ट्रांसजेंडर लेखिका
पाली राजस्थान/
पालघर महाराष्ट्र

सर्वप्रथम मेरे प्रिय भारतवर्ष के मेरे माता-पिता तुल्य बड़ों - बुजुर्गों, कर्णधार नौजवान साथियों और भावी भविष्य बच्चों सहित समस्त भारतवासियों को गणतंत्र दिवस के इस अमृत महोत्सव की औपचारिक, हां औपचारिक बधाई एवं शुभकामनाएं ! अब मेरा यह औपचारिक शब्द भी आपको अवश्य ही अटपटा लगा होगा। लेकिन मैं इसे औपचारिक ही कहूंगी क्योंकि देश में संविधान के लागू होने के पचहत्तर सालों में भी हम असली आज़ादी एवं समानता का आभास अभी तक बिल्कुल भी नहीं कर पाए। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व तो सिर्फ किताबों में ही छपे रहे किंतु धरातल पर तो संप्रदायवाद, जातिवाद, वंशवाद, असमानता, वैमनस्यता, भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ही तांडव कर उत्पात मचाते रहे !

गण का अर्थ जनता और तंत्र का अभिप्राय शासन इसप्रकार गणतंत्र का मतलब जनता का शासन। लेकिन जनता ने जिनको प्रतिनिधि चुना वे तो स्वयं शोषक बन गए और जनता को शोषित बना दिए ! मानो अंग्रेज ही भारत में अपने उत्तराधिकारी छोड़ गए !

दशकों से सबने बारी - बारी राज किया और पूंजीपतियों को पाल-पोसकर बड़े किए और दुर्बल को दबा करके गरीबी में आटा गिला करते गए। कालाधन की वापसी और भ्रष्टाचार, महंगाई कम करने, प्रतिवर्ष दो लाख रोजगार और पंद्रह लाख जैसे झूठे जुमले वादों से सत्ता को ये पा जाते परंतु सत्ता पाते ही ये उसके नशे में डूब करके और अहंकार में मदमस्त होकर निरंकुश तानाशाह बन जाते। कुल मिलाकर सत्ता में आने के लिए विकास का एजेंडा बताते और सत्ता पाते ही एजेंडे के विकास में लग जाते !

चार साल पहले भी जब सबका पालनहारा अन्नदाता उसके खिलाफ जबरदस्ती थोपे काले कानूनों के विरोध और फसल के लाभकारी मूल्य के हक में कानून के लिए दिल्ली की सड़कों पर संघर्ष कर रहे थे, तब कील - कंटीले तारों, ठंडे पानी की बौछारों और आंसू गैस के गोलों से अवरोध उत्पन्न किया था और तेरह महिनों तक सरकार के कानों जूं न रेंगी थी। उन्हें खालिस्तानी, आतंकवादी, देशद्रोही आदि कहकर बदनाम किया गया था। तडीपार गृह राज्यमंत्री के नालायक बेटे ने लखीमपुर के किसानों को कार से कुचला था। और आखिर पांच राज्यों के चुनाव से पहले चालाकी से तपस्या में कमी बता करके और काले कानून वापसी का औपचारिक ऐलान करके और एमएसपी कमेटी की लॉलीपॉप दे करके आंदोलन को स्थगित करवा दिया था।

बंगाल चुनाव पूर्व स्थिर हुए बढते पेट्रोल - डीजल के दाम को जब तक यूपी चुनाव न आए, तब तक तूफानी रफ्तार से अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हवाले शतक पार करवाते गए और ठीक चुनाव के पहले ये एक्साइज को घटा करके जनता को झांसे में डाल दिए थे।

कोरोना में भी ये दिनभर चुनाव प्रचार और रैलियां करते थे और शाम को कोरोना नियमों पर भाषण दे करके सख्ती करते थे। इन्होंने स्कूलों को तो बंद करवाया था और ठेकों को खुलवाया था !

कोरोना काल में बुनियादी सुविधाभाव और प्रशासन कुप्रबंधन से गंगा में भी लाशें तैरी थी परंतु ये संसद में बताए थे कि ऑक्सीजन से कोई नहीं मरें।

खुद विदेशी शूट- बूट पहन के आत्मनिर्भरता के नारे लगवाते और शिक्षा को महंगी करते और फिल्मों को टैक्स फ्री करते ! साथ ही नेताओं का वेतन बढ़ाते और पूंजीपतियों और डिफाल्टरों का लोन माफ़ करते और विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी जैसे लुटेरों को खुद ही विदेश भगाते। ये अपने बच्चों को भी विदेश में पढ़ाते पर जनता को हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद और श्मशान-कब्रस्तान में उलझाते और नौकरी-रोजगार मांगने वालों पे लाठी-डंडे बरसाते।

इसलिए आजकल हालात ये हैं कि सरकारी नौकरी के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले प्राईवेट जॉब का जुगाड ढूंढ रहे ! प्राइवेट जॉब से छंटनी हुए व्यापार में भाग्य आजमा रहे और व्यापारी मंदी की मार से तंग आकर व्यापार छोड़ खेती का रूख कर रहे और खेती करने वाले बंदे फांसी के फंदे झूल रहे !

अब सिर्फ दो तरह के धंधे कमाई व बचत में तो राम जाने परंतु दुकानों की संख्या में, अवश्य फल-फूल रहे ! एक तो चाय जो मोदीजी बचपन में कभी बेच करके प्रधानमंत्री जो बने और दूसरे भी सभी कम से कम नगरसेवक या फिर वार्डपंच बनने की आस में कर रहे हो।

और दूसरा व्यवसाय जो है, वह हैठ्ठ पकौड़े तलने का, जिसे कुछ समय पूर्व ही मोदीजी ने राष्ट्रीय रोजगार घोषित जो किया था। वैसे आजकल खाद्य तेल और रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बेतहाशा बढ़ने से पकौड़े तलने वालों का ही तेल निकलने लगा है !

कुछ और महान कार्य बड़े जोर - शोर से चल रहेठ्ठनाम बदलो, निजीकरण करो। सिर्फ़ चार लोग सरकार चला रहे ! बस दो सब कुछ बेच रहे और दो ठेकेदार दोस्त ही सबकुछ खरीद रहे। साथ ही समाज के सभी वर्गों को हिंदू बनाम मुस्लिम, सवर्ण बनाम दलित, आरक्षित बनाम अनारक्षित, किसान बनाम बिचौलिया, जो कभी एक - दूसरे के परस्पर पूरक हुआ करते थे, घृणा के बीज बोए ऐसे जैसे सदियों से एक - दूसरे के बीच में छत्तीस का ही आंकड़ा रहा हो ! मानो वसुधैव कुटुंबकम् तो सिर्फ प्राचीन भारत का सपना रहा हो ! मणिपुर में भी मैतेई व कुकी को आपस में लड़वा करके ये दूसरा गोधरा दोहराए।

बेटी बचाओ पेटी पढ़ाओ के नारें ये जोर - शोर से गुंजाते लेकिन देश की गौरव पहलवान बेटियों पर शोषण कर अत्याचार ढाए और आवाज उठाने पर उन्हें ही बदनाम कर बर्बरतापूर्वक धरने से उठवाए थे।

बीते पांच साल में कर्नाटक, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में विधायकों और सांसदों को ईडी - सीबीआई का डर दिखाकर घोड़े की तरह सौदे किए और चुनी हुई सरकारों को गिराकर जनमत का चीरहरण करके, लोकतंत्र का गला घोंट रहे। महापुरुषों के नामों पर भी कर रहे हैं राजनीति और शहीदों के नाम पर भी घड़ियाली आंसू बहा रहे ! बच्चों के पाठ्यक्रम से डार्विन के विकासवाद को हटाते और चंद्रयान की सफलता का श्रेय भी वैज्ञानिकों को देने के बजाय खुद ही अपनी पीठ थपथपाते और अंधभक्तों से तालियां भी बजवाते। साथ ही थैंक यू फलाने जी का अभियान भी चलवाते। पहले भी इन्होंने पुलवामा की गलती न मानकर और सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को अपना बताकर शहीदों की सहानुभूति के नाम पर वोट बटोरे थे। दूसरों के वंशवाद पर ये पानी पी-पीकर कोसते और उनके ही वंश को अपने पाले में करके बड़ी शान से ये उनको मंत्री बना कुर्सी पर बैठाते और भारत रत्न की रेवड़ी बांटकर कर विरोधियों को अपने पाले में करते ! हजार साल पूर्व के अतीत के गौरव का गुणगान करने में ही अपना समय बिताते और एक परिश्रमी पिता के नकारा पुत्र की भांति अपने से पहले के प्रधानमंत्रियों द्वारा सृजित/निर्मित संपत्तियां बेचकर ही जनता में ढिंढोरा पीट - पीटकर बता रहे कि उन्होंने सत्तर साल में किया ही क्या था ? जनता से भारी - भरकम टैक्स वसूलकर और कमरतोड़ महंगाई का बोझ झेलने के बदले सिर्फ़ पांच किलो राशन देकर एहसान बताकर इतरा रहे ! फिर भी किसी की जुबान पर कोई सवाल की आहट भी नहीं है ! साथ ही बिक चुकी है मीडिया, जो न थकती सत्ता का गुणगान करके और गोदी मीडिया एंकर तो सवाल भी विपक्ष से करते !

आशा अमर है अच्छे दिनों की, रामराज्य के नारे लगाए जा रहे ! लगता है गांधीजी को जब गोली लगी थी, तब उनके तीनों बंदर, नौ दो ग्यारह हो गए थे। काफी समय तक छानबीन और बड़ी मशक्कत के बाद पता चला कि जो बंदर बहरा था, वह शासन की कुर्सी पर जा बैठा। जो अंधा था वह न्याय की कुर्सी पर और जो गूंगा था वह तो जनता के बीच छुपा था। इसलिए कितना भी कुछ हो इस औपचारिक लोकतंत्र में शासक बहरे, न्याय अंधा और जनता गूंगी ही रहेगी। हालांकि 2024 में जनता तो सबक सिखाने हेतु तैयार खड़ी थी लेकिन इलेक्ट्रॉल बॉन्ड का घोटाला और ईवीएम का वोटाला करके मजबूत नहीं सही, पर बैसाखी वाली मजबूर सरकार तो बना ही लिए। लेकिन लगता है दस साल से किए जा रहे पापों का घड़ा भर चुका है। परिणाम के दिन ही नीट परीक्षा घोटाला पकड़ में आ गया, फिर यूपीएससी घोटाला, फिर पहली ही बारिश में राम मंदिर, नए संसद भवन में पानी टपकना, सड़कों का धंसना, निर्माणाधीन पुलों का ढह जाना, एयरपोर्ट की छतें गिरना, आतंकी घटनाएं बढ़ना और रिकॉर्डतोड़ ट्रेनें बेपटरी होना तथा नारी उत्पीड़न व दुष्कर्म की नित नवीन घटना घटना। ढोल पीट - पीटकर बताया जा रहा था कि रामराज्य आने वाला है लेकिन ये तो राक्षस राज के संकेत मिल रहे हैं ! फिर भी लाल किले से महिला सुरक्षा पर भाषण देकर भी आसाराम और रामरहीम जैसे अपराधियों को सिर्फ़ वोट के लिए पैरोल और फरलो देकर रिहा किए जा रहे ! आखिर पेपर लीक के लिए शिक्षामंत्री जिम्मेदार नहीं, रेल दुर्घटनाओं के लिए रेलमंत्री जिम्मेदार नहीं, बढ़ते अपराधों के लिए गृहमंत्री जिम्मेदार नहीं, आर्थिक गड़बड़ी के लिए वित्तमंत्री जिम्मेदार नहीं, सड़कें व पूल धंसने के लिए भी कोई जिम्मेदार ही नहीं ! क्या ऐसी ही गैर जिम्मेदारी से हम विश्वगुरू बनने वाले है ?

स्मरण रहे हम सबके आदर्श व प्रेरणास्त्रोत शहीदे आजम भगतसिंह ने कहा था कि आजादी का मतलब सिर्फ़ गोरी चमड़ी के लोगों से आजादी हासिल करना नहीं है बल्कि वास्तविक आजादी तभी आ सकती है जब देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं यानि हरेक दबे कुचले वर्ग को हर प्रकार के शोषण से आजादी मिले और महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध लोक शाहीर साहित्यकार अण्णा भाऊ साठे ने भी कहा था -- ÷ये आजादी झूठी है क्योंकि देश की जनता भूखी है।

# 10 यूपी बटालियन में अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने दी शानदार प्रस्तुति




मथुरा। गणतंत्र के 75 वे वर्ष के उपलक्ष में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 के वीर सेनानियों की स्मृति में साइकिल यात्रा अभियान का आयोजन किया गया। ये अभियान मेरठ से शुभारंभ होते हुए आज मथुरा आ पहुंचा है, जिनका स्वागत 10 यूपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों ने किया। स्वागत कार्यक्रम के अंतर्गत अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई के प्रोत्साहन से प्रेरित एनसीसी कैडेट्स ने 1857 संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में रानी लक्ष्मी बाई की वीरता के ऊपर नाटक प्रदर्शन एवं स्वागत गान द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन 10यूपी बटालियन की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मनोरमा कौशिक ने किया और संचालन अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की कैडेट एकता और तनु ने किया। साइकिल अभियान का नेतृत्व ब्रिगेडियर नरेंद्र चिराग ने किया। इस अवसर पर 10यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद कुमार सूबेदार मेजर भीम सिंह , दामोदर घोष तथा समस्त पी आई स्टाफ उपस्थित थे।







# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**पत्रकार बीआर अहिरवार, नर्मदापुरम।** गुरुवार को प्रधानमंत्री महाविद्यालय ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय अस्पताल नर्मदापुरम से डॉक्टरों द्वारा विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य निर्माण तथा तनाव से मुक्ति विषय पर अभिव्यक्ति दी डॉक्टर नजमा ने वर्तमान की कठिन परिस्थितियों का सामना विद्यार्थी किस प्रकार से करें इस विषय पर उपयोगी सुझाव दिए तनाव से मुक्त जीवन ही विद्यार्थियों को उन्नति के पद पर प्रशस्त कर सकता है सेमिनार के दूसरे सत्र में डॉक्टर रजनी कुशवाहा ने दांतों की सुरक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वस्थ दांत स्वस्थ मनुष्य के जीवन की आधारशिला है प्रत्येक विद्यार्थियों को तंबाकू जैसे मादक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए जीवन में कितनी भी कठिनाइयां हो उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर खुद ही नहीं अपने आसपास के व्यक्तियों परिवार समाज सभी जगह नशा मुक्ति तंबाकू निषेध का संदेश देना चाहिए स्वस्थ युवा ही स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं प्रधानमंत्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आरके चौक से जी ने विद्यार्थियों को स्वस्थ भारत स्वस्थ युवा निर्माण करने की प्रेरणा देते हुए कहा की युवावस्था में किसी भी प्रकार के नशे का त्याग करना होगा अपने आत्म बल स्वस्थ मानसिक स्थिति से ही हम वर्तमान के प्रतिद्वंद्वी युग में सफल हो सकते हैं हमें मेहनत और लगन परिश्रम के द्वारा ही अपने जीवन अपने भारत को उन्नत बनाना है कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा ने कहा सशक्त मानसिक स्थिति का निर्माण करना वर्तमान की आवश्यकता है हमारी पहल यह है कि हम हर युवा को मानसिक रूप से स्वस्थ सशक्त तथा शारीरिक रूप से ऊर्जावान और परिश्रमी बनाएं जिससे सशक्त भारत का निर्माण करने में हम सभी मिलकर प्रयास करें कार्यक्रम में डॉक्टर सुमन यादव डॉक्टर मंजुला भूमरकर छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।






## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी प्रतिबंधों से निपटने के लिए रूस व ईरान में समझौता

**मास्को, एजेंसी।** पश्चिमी प्रतिबंधों से निपटने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व उनके ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को एक व्यापक सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए। रूसी व ईरानी अधिकारियों ने कहा कि इस व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि में व्यापार, सैन्य सहयोग से लेकर शिक्षा और संस्कृति तक सभी क्षेत्र शामिल हैं। पुतिन ने इस समझौते की प्रशंसा करते हुए इसे रूस-ईरान और पूरे क्षेत्र के सतत विकास का कारक बताया। पेजेशकियन की रूस यात्रा डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण से ठीक पहले हुई है। ईरान बढ़ती आर्थिक समस्याओं और अन्य चुनौतियों से जूझ रहा है। बीते दिनों ट्रंप ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने और ईरान के प्रति कड़ा रुख अपनाने का वादा किया था।

### इजरायली हमले से जुड़ी जानकारी लीक कर रहा था सीआईए कर्मचारी, अब ठहराया गया दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सीआईए कर्मचारी आसिफ विलियम रहमान ईरान पर इजरायली हमले से जुड़ी जानकारी लीक कर रहा था। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहरा दिया है। रक्षा जानकारी को जानबूझकर बनाए रखने और साझा करने के आरोपों में दोषी करार दिया। रहमान ने 2024 में कई मौकों पर क्लासिफाइड कंटेंट को अवैध रूप से डाउनलोड, प्रिंट और बांटने की बात स्वीकार की है। बताया जा रहा है ये सीआईए कर्मचारी ईरान पर इजरायली हमले से जुड़ी जानकारी लीक कर रह था। उन्होंने अपने कंप्यूटर से पांच दस्तावेज निकाले जिन पर सीक्रेट और टॉप सीक्रेट का लेबल लगा हुआ था, फिर उसके बाद वह उसे घर ले गया। अमेरिकी सैटेलाइट से प्राप्त खुफिया जानकारी में 15 और 16 अक्टूबर के दो अमेरिकी खुफिया दस्तावेज शामिल थे। ये दस्तावेज मूल रूप से फाइव आइज खुफिया-साझाकरण गठबंधन (ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका) तक सीमित थे। हालांकि, ये दस्तावेज ईरान समर्थक टेलीग्राम चैनल मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर पर दिखाई दिए।

### बाइडन ने 2500 लोगों की सजा कम कर बनाया रिकॉर्ड

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को एलान किया कि वह मादक पदार्थों से जुड़े हिंसा रहित अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए लगभग 2,500 लोगों की सजा कम करेंगे। 20 जनवरी को अमेरिका में सत्ता परिवर्तन होगा। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों का इस्तेमाल बाइडन ने कैदियों की सजा में छूट और माफी देने के लिए भी किया है। बड़े पैमाने पर इस तरह के क्षमादान और सजा की अवधि कम कर बाइडन ने एक रिकॉर्ड बनाया है। बाइडन ने योग्य व्यक्तियों को सलाखों के बाहर निकालने का महत्वपूर्ण कदम है।

### ब्राजील की 119 साल की महिला का सबसे बुजुर्ग होने का दावा

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील की रियो डी जनेरियो राज्य की परदादी दियोलिरा ग्लिसेरिया पेड्रो डा सिल्वा (119) ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के समक्ष दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति के रूप में दावा पेश किया है। वे अपने 120वें जन्मदिन से दो महीने दूर हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में वर्तमान में एक और ब्राजीलियाई इनाह कैनाबारो लुकास (116) सबसे उम्रदराज जीवित व्यक्ति के रूप में शामिल हैं। वे ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल की एक नन हैं। लेकिन दियोलिरा के परिवार और डॉक्टरों को भरोसा है कि वह जल्द ही सबसे उम्रदराज व्यक्ति का खिताब हासिल कर लेंगी।

### पीएम स्टार्मर ने यहूदी-विरोधी भावना से लड़ने का लिया संकल्प

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने शुक्रवार को पोलैंड में स्थित ऑशविट्ज नाजी शिविर का दौरा किया। स्थान पर पहुंचने के बाद वहां की बदहाल स्थिति को देखते हुए उन्होंने दुख जताते हुए यहूदी-विरोधी भावना से लड़ने का संकल्प लिया। बता दें कि ऑशविट्ज नाजी शिविर यह वह जगह है जहां नाजी शासन के दौरान लाखों लोगों की हत्या की गई थी।

# नाइजीरिया को मिला ब्रिक्स पार्टनर देश का दर्जा, ब्राजील ने किया ऐलान

### अब तक 9 देश बन चुके हैं ऑफिशियल ब्रिक्स पार्टनर

**ब्राजिलिया, एजेंसी।**
अफ्रीका महाद्वीप का देश नाइजीरिया शुक्रवार को औपचारिक रूप से ब्रिक्स का पार्टनर सदस्य बन गया है। रूस की न्यूज एजेंसी आरटी के मुताबिक ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान के साथ नाइजीरिया 9वां ऑफिशियल ब्रिक्स पार्टनर बन गया है।

ब्राजील सरकार ब्रिक्स की अपनी अस्थायी अध्यक्षता का इस्तेमाल करते हुए आज 17 जनवरी, 2025 को ब्रिक्स में पार्टनर देश के तौर पर नाइजीरिया के ऑफिशियल एंट्री की घोषणा करती है।

ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा दुनिया की छठी बड़ी आबादी और अफ्रीकी महाद्वीप की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था (3.29 लाख करोड़ रुपए) होने के नाते नाइजीरिया के हित अन्य ब्रिक्स देशों से मेल खाते हैं। नाइजीरिया ने ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर ग्लोबल साउथ को मजबूत करने और ग्लोबल ऑर्डर में सुधार लाने के लिए प्रयास किए हैं। पिछले साल रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स समिट में 13 देशों को पार्टनर देश का दर्जा दिया गया था। इनमें से अब तक 9 देश औपचारिक तौर पर इसके पार्टनर देश बन गए हैं।




तेल और गैस के भंडार, आपसी संघर्ष से अशांति नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। नाइजीरिया की आबादी 22 करोड़ है। यह देश सबसे तेजी से आबादी बढ़ने वाले देशों में शामिल है। नाइजीरिया में तेल और गैस के विशाल भंडार हैं, लेकिन आपसी संघर्ष की वजह से यहां लगातार राजनीतिक उथल पुथल मची रहती है।

बीबीसी के मुताबिक नाइजीरिया दो भागों में बंटा हुआ है। उत्तरी हिस्सा जहां मुसलमान बहुसंख्यक हैं वहां गरीबी ज्यादा है। दक्षिणी और पूर्वी नाइजीरिया में ईसाई आबादी ज्यादा है। ये इलाका ज्यादा संपन्न है। 7 जनवरी को दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया ब्रिक्स का स्थायी सदस्य बन था। इंडोनेशिया ब्रिक्स में शामिल होने वाला 10वां स्थायी सदस्य देश है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने साल 2023 में ईरान, यूएई, इजिप्ट और इथोपिया के साथ सऊदी अरब के शामिल होने की घोषणा की थी। सऊदी अरब के ब्रिक्स में शामिल होने की प्रक्रिया फरवरी 2024 में शुरू होने वाली थी लेकिन आखिरी वक्त में सऊदी अरब ने कहा था कि वह फिलहाल ब्रिक्स में शामिल नहीं हो रहा है।

### जर्मनी की लुफ्थांसा ने 325 मिलियन यूरो में आईटीए एयरवेज का अधिग्रहण किया

**लंदन, एजेंसी।**
जर्मनी की लुफ्थांसा एयरलाइंस समूह ने शुक्रवार को इतालवी एयरलाइन आईटीए एयरवेज के अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। इस सौदे के तहत लुफ्थांसा ने 325 मिलियन यूरो (लगभग 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में आईटीए एयरवेज में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी ली है। इसके बाद, 2033 तक लुफ्थांसा पूरी तरह से आईटीए का नियंत्रण प्राप्त कर लेगा। आईटीए एयरवेज पहले एलीटालिया नाम से जानी जाती थी और यह इटली का प्रमुख एयरलाइन था। इस सौदे में शेष 59 प्रतिशत हिस्सेदारी इटली की सरकार के पास रहेगी।

यह सौदा मई 2023 में घोषित किया गया था और यूरोपीय आयोग ने इसे एक साल की जांच के बाद मंजूरी दी थी। यूरोपीय आयोग ने इस बात का ध्यान रखा कि यह सौदा प्रतिस्पर्धा को प्रभावित नहीं करेगा। इस सौदे के बाद, लुफ्थांसा और आईटीए को रोम और मिलान से उत्तरी अमेरिका के कई प्रमुख मार्गों पर और मध्य यूरोपीय हवाई अड्डों के बीच नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करने की अनुमति मिलेगी।

## अमेरिका ने उत्तरी यमन में हूती सैन्य ठिकानों पर किए पांच हमले : हूती टीवी



**सना, एजेंसी।** हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार सुबह यमन के अमरान प्रांत में स्थित हूती सैन्य स्थल पर पांच हवाई हमले किए। यह जानकारी हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने दी। अमेरिकी सेना द्वारा ये हमले सना शहर के उत्तर में हरफ सुफयान जिले में एक सैन्य चौकी पर किए गए। हालांकि टीवी रिपोर्ट में इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई है, क्योंकि हूती समूह आमतौर पर अपने हताहतों और हुए नुकसान के बारे में जानकारी नहीं देता है। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने सैन्य चौकी से सुबह के समय कई जोरदार विस्फोटों की आवाजें सुनीं। यह चौकी चट्टानी पहाड़ियों के नीचे स्थित है। इस सैन्य चौकी पर हथियार रखे जाते हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अभी तक इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह हमला उस वक्त हुआ जब हूती समूह के नेता अब्दुलमलिक अल-हूती ने एक टेलीविजन भाषण में इजरायली सेना को चेतावनी दी थी। अल-हूती ने कहा था कि अगर इजरायली सेनाएं गाजा युद्धविराम समझौते के लागू होने से पहले गाजा पर हमले जारी रखती हैं, तो उनका समूह इजरायल पर लंबी दूरी के रॉकेट हमले करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इजरायल युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करता है, तो हूती समूह फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा। हूती नेता ने यह दावा भी किया कि अमेरिका भविष्य में हमास की भूमिका समाप्त करने की कोशिश करेगा, लेकिन यह प्रयास विफल रहेगा। उनके समूह ने नवंबर 2023 से लेकर अब तक लाल सागर और अदन की खाड़ी में इजरायली शहरों, जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर 1,255 हमले किए हैं। अमेरिका की ओर से अभी तक इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसके अलावा, हूती समूह और अमेरिकी सैन्य हमलों के बीच स्थिति अधिक तनावपूर्ण होती जा रही है।

# चीजें पॉजिटिव हैं, भारत-अमेरिका संबंध पर और बोले एलन मस्क

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भारत-अमेरिका संबंध पर अपने विचार साझा किए हैं। एलन मस्क ने टेक्सास में अपनी स्पेसएक्स स्टारबेस सुविधा में प्रमुख भारतीय व्यापारिक हस्तियों के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि उनका मानना है कि भारत-अमेरिका संबंध सकारात्मक चलन में हैं और वह दोनों देशों के बीच एक बढ़ी हुई व्यापार साझेदारी के पक्षधर हैं।

इस हफ्ते यूके-मुख्यालय नीति और इवेंट प्लेटफॉर्म के अमेरिका में विस्तार को चिह्नित करने के लिए इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के नेतृत्व में भारतीय उद्यमियों ने कंपनी की अत्याधुनिक अंतरिक्ष से संबंधित सुविधाओं का दौरा किया और स्पेसएक्स की स्टारशिप फ्लाइट 7 के सफल लॉन्च को देखा।

**अंतरिक्ष क्षेत्र में गहरे सहयोग की संभावना:** चर्चा के दौरान, मस्क ने संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच विशेष रूप से टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष क्षेत्रों में गहरे सहयोग की संभावना पर जोर दिया। सत्र के दौरान मस्क के हवाले से कहा गया, चीजें सकारात्मक चल रही हैं। मैं निश्चित रूप से अमेरिका और भारत के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए बाधाओं को कम करने के पक्ष में हूं।

मस्क ने भारत को प्राचीन सभ्यताओं में से एक और बहुत महान और बहुत ही अच्छी सभ्यता के रूप में वर्णित किया। ऑटोमोटिव प्रमुख टेस्ला और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के पीछे के उद्यमी ने टेक्नॉलिजी और वैश्विक नवाचार परिदृश्य में भारत की बढ़ती भूमिका पर विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय व्यापार प्रमुखों के साथ बातचीत की।



**व्यापार क्षेत्र को लेकर क्या बोले एलन मस्क:** टेक अरबपति एलन मस्क ने टेक्सास में अपनी स्पेसएक्स स्टारबेस सुविधा में प्रमुख भारतीय व्यापारिक हस्तियों के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि उनका मानना है कि भारत-अमेरिका संबंध सकारात्मक चलन में हैं और वह दोनों देशों के बीच एक बढ़ी हुई व्यापार साझेदारी के पक्षधर हैं।

एलन मस्क ने कहा, इंडिया ग्लोबल फोरम में, हमारा मिशन हमारे समय की परिभाषित चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक नेताओं और इनोवेटर को एक साथ लाना है... मेरा मानना है कि भारत असीमित अवसर प्रस्तुत करता है, और यह बैठक शक्तिशाली साझेदारी की क्षमता का प्रतीक है।

## चांद पर मंडरा रहा खतरा !

**लंदन, एजेंसी।**
वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स फंड ने इस साल अपने सांस्कृतिक धरोहरों की लिस्ट में चांद को भी शामिल किया है। चंद्रमा को वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स फंड की 25 इनडेन्जर हेरिटेज साइट लिस्ट में शामिल किया गया है।

इन्हें सबसे अधिक खतरा है, नए अंतरिक्ष युग की शुरुआत और चंद्रमा पर मानवता की मौजूदगी से संबंधित 90 से अधिक ऐतिहासिक चंद्र स्थलों की मेजबानी के कारण फंड ने अपनी 2025 वॉच लिस्ट में चंद्रमा को शामिल किया।

समूह की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नए अंतरिक्ष युग की शुरुआत और चंद्रमा पर मानवता की मौजूदगी से संबंधित 90 से अधिक ऐतिहासिक चंद्र स्थलों की मेजबानी के कारण फंड ने अपनी 2025 वॉच लिस्ट में चंद्रमा को शामिल किया। इन स्थलों में ट्रैंक्विलिटी बेस शामिल है जहां मनुष्य ने पहली बार चंद्रमा पर कदम रखा था। फंड के अनुसार, लैंडिंग साइट अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग के बूट प्रिंट के साथ-साथ अपोलो 11 मिशन की 100 से अधिक अन्य कलाकृतियों को संरक्षित करती है। चंद्रमा को 'तेजी से बढ़ती मून एक्टिविटीज' के चलते इस लिस्ट में जोड़ा गया है। उनके अनुसार, इन गतिविधियों में प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल की कमी के कारण चंद्रमा के हेरिटेज साइट को गंभीर खतरा है। रिपोर्ट के अनुसार, चंद्रमा पर मानव और रोबोटिक एक्टिविटी बढ़ रही हैं। नासा का आर्टेमिस प्रोग्राम 2025 तक चंद्रमा पर एक स्टेबल बेस बनाने की योजना पर काम कर रहा है। वहीं वस्तुएं जैसे कि कैमरा जिसने टेलीविजन पर चंद्रमा पर उतरते हुए चित्र लिया था, अंतरिक्ष यात्री आर्मस्ट्रांग और (बज़) एल्ड्रिन की तरफ से छोड़ी गई एक स्मारक डिस्क और सैकड़ों अन्य वस्तुएं इस विरासत की प्रतीक हैं। फिर भी, पर्याप्त संरक्षण प्रोटोकॉल के बिना की जा रही चंद्र गतिविधियों में तेजी के बीच उन्हें बढ़ती मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



## टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला आगामी प्रशासन करेगा: कैरीन जीन पियरे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है कि चीनी सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला अब आने वाला प्रशासन करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने कहा कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है। शुक्रवार को एक बयान में जीन-पियरे ने कहा, टिकटॉक पर राष्ट्रपति बाइडन की स्थिति महीनों से स्पष्ट है, वे चाहते हैं कि टिकटॉक अमेरिकियों के लिए उपलब्ध रहना चाहिए, लेकिन उसका स्वामित्व अमेरिकी कंपनी के पास होना चाहिए। जैसा कि कानून में प्रावधान भी है। गौरतलब है कि अमेरिकी संसद ने पिछले साल एक कानून पारित किया था, जिसके तहत टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस को 19 जनवरी तक अमेरिका में अपने कारोबार को बेचना है। बाइडन सरकार का कार्यकाल लगभग खत्म हो चुका है और 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। यही वजह है कि बाइडन प्रशासन ने टिकटॉक पर कोई फैसला नहीं लेने का तय किया है। प्रतिबंध लगाने की बात कही है, लेकिन अगर बाइटडांस अमेरिका में अपने कारोबार को किसी अमेरिकी कंपनी को बेच देती है तो इस प्रतिबंध को टाला जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सुप्रीम कोर्ट से ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)